प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 28.02.2025
समय : 09:00 ए.एम.

- वित्त मंत्री दीया कुमारी ने बजट बहस का जवाब देते हुए कई अहम घोषणाएं की–मां योजना में स्किन ट्रांसप्लांट हो सकेगा–यूथ फेस्टिवल अगले साल से।
- राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–रीट, आज दूसरे दिन एक ही पारी में आयोजित की जा रही है।
- खाटूश्याम जी का वार्षिक फाल्गुनी लक्खी मेला आज से शुरू हो रहा है–बडी संख्या में श्रद्धालुओं के पंहुचने का सिलसिला जारी।
- राज्य में पश्चिमी विक्षोभ का असर बरकरार–कई स्थानों पर बारिश हुई।

विधानसभा में राज्य के बजट 2025–26 पर हुई बहस का जवाब देते हुए कल उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री दीया कुमारी ने कई घोषणाए की। स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े बदलावों की घोषणा करते हुए उन्होंने कहा कि 'मां योजना' के तहत अब प्रदेश में स्किन ट्रांसप्लांट संभव होगा और इस योजना में रोबोटिक सर्जरी के साथ 14 नई उन्नत चिकित्सा प्रक्रियाएं जोड़ी जाएंगी। वित्त मंत्री ने कहा कि प्रदेश के संभागीय मेडिकल कॉलेजों में 16 नए पैरामेडिकल कोर्स शुरू किए जाएंगे। अस्पतालों के बेहतर प्रबंधन के लिए अलग से 'हॉस्पिटल मैनेजर्स' का कैडर बनाया जाएगा, जिससे अस्पतालों के संचालन में सुधार होगा। राजस्थान डिजिटल हेल्थ मिशन के तहत आईपीडी मरीजों के लिए 'सिंगल विंडो रजिस्ट्रेशन सिस्टम' लागू किया जाएगा, जिससे मरीजों को इलाज के दौरान अधिक सुविधाएं मिल सकेंगी। युवा विकास और कल्याण से संबधित घोषणाएं करते हुए वित्त मंत्री ने ऐलान किया कि युवाओं के लिए अगले साल 'यूथ फेस्टिवल' और 'राजस्थान डिजीफेस्ट' का आयोजन किया जाएगा।

.....

पर्यटन और बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि प्रमुख पर्यटन स्थलों पर स्थानीय पेंटिंग्स बनाई जाएंगी। इसके लिए 35 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। अजमेर में नया मल्टी स्टेडियम बनाया जाएगा। अगले साल से अटल इनोवेशन अवॉर्ड देने की भी घोषणा की गई है। आपदा राहत की तैयारियों को मजबूत करने के लिए 55 क्विक रिस्पॉन्स व्हीकल उपलब्ध कराए जाएंगे। बीकानेर और बांसवाड़ा सहित नए शहरी निकायों में अग्निशमन वाहन उपलब्ध कराए जाएंगे, जिस पर 1 हजार 50 करोड़ रुपये खर्च होंगे। उन्होंने शाहपुरा में इंडस्ट्रियल पार्क और लालसोट में वुड पार्क बनाने की घोषणा की। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को प्राथमिकता देते हुए उन्होंने कहा कि अगले साल 5 हजार आंगनबाड़ी भवनों की मरम्मत कराई जाएगी। राज्य के 3 हजार 236 छोटे बांधों को पंचायत से जल संसाधन विभाग को ट्रांसफर किया जाएगा और सिंचाई सुविधाओं के लिए 240 करोड़ रुपये से अधिक के कार्य किए जाएंगे। पीने के पानी की आपूर्ति के लिए 330 करोड़ रुपये से ज्यादा की योजनाएं लागू की जाएंगी। प्रदेश में सड़कों की मरम्मत और उन्नयन कार्यों पर 1 हजार 870 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

वित्त मंत्री ने कहा कि ग्रामीण विकास योजनाओं के लिए 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है। उप मुख्यमंत्री ने इस बात पर हर्ष व्यक्त किया कि राम जल सेतु परियोजना का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। वित्त मंत्री ने कहा कि बजट को प्रदेश के हर वर्ग का समर्थन मिला है और सरकार सबका साथ, सबके विकास की नीति पर आगे बढ़ रही है। विपक्ष द्वारा प्रदेश

को कर्ज में डुबाने के आरोप को खारिज करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने राजस्थान को कर्ज में डुबोया, जबकि भाजपा सरकार इस कर्ज को उतारने के लिए काम कर रही है।

.....

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि विकसित और उत्कृष्ट राजस्थान बनाने के लिए सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष को साथ मिलकर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि सदन की मर्यादा बनाये रखना दोनों पक्षों के सदस्यों की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कई दिन से चले आ रहे गतिरोध के समाप्त होने के बाद सदन में अपने वक्तव्य में प्रतिपक्ष के नेता और मुख्य सचेतक को धन्यवाद दिया कि उन्होंने गतिरोध समाप्त करने की पहल करने के लिए संपर्क किया। इससे पहले नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सदन में गतिरोध समाप्त करने की पहल करते हुए वार्ता करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा—रीट का आज दूसरे दिन भी आयोजन हो रहा है। ये परीक्षा 10 बजे से एक ही पारी में होगी। बोर्ड के सचिव कैलाश चन्द्र शर्मा ने बताया कि दो दिन की इस परीक्षा का पहला दिन शांतिपूर्ण रहा और किसी अप्रिय घटना की कोई सूचना नहीं मिली। इस बीच बोर्ड ने उच्च माध्यमिक, माध्यमिक, वरिष्ठ उपाध्याय, प्रवेशिका और व्यवसायिक परीक्षा के प्रवेश पत्र वेबसाईट पर अपलोड कर दिये है। ये प्रवेश पत्र संबंधित शाला प्रधान, अग्रेषण अधिकारी अपनी आईडी और पासवर्ड से डाउनलोड करके परीक्षार्थियों को दे सकते है।

सीकर जिले का प्रसिद्ध खाटूश्याम जी का वार्षिक फाल्गुनी लक्खी मेला आज से शुरू हो रहा है। 12 दिन तक चलने वाले इस मेले में देश—विदेश से बडी संख्या में श्रद्धालु पंहुचेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि मेले को लेकर जिला प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किए गए है।

......

आज राष्ट्रीय विज्ञान दिवस है। ये दिवस महान वैज्ञानिक डॉ. सी वी रमन की याद में मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न आयोजन किये जा रहे है। बाडमेर में आज सरकारी और निजी विद्यालयों में प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी। इस दौरान डॉ. रमन को श्रद्धाजंलि भी दी जायेगी।

भीलवाडा में कल से ऑपरेशन गरिमा अभियान चलाया जायेगा। पुलिस की ओर से चलाये जा रहे इस अभियान के तहत स्कूल, कॉलेज और रेल्वे स्टेशन पर बालिकाओं और महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जायेगा। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने बताया कि ये अभियान 15 मार्च तक चलेगा। इस दौरान पुलिसकर्मी सादा वस्त्रों में लोकल बसों में सफर कर महिलाओं के साथ आ रही दिक्कतों को जानेंगे तथा प्रभावी कार्यवाही के लिए कडे कदम उठायेंगे।

पाली के राजकीय बांगड़ अस्पताल में कल लेप्रोस्कोपी मशीनों का अनावरण किया गया। भामाशाह द्वारा उपलब्ध कराई गई इन मशीनों के माध्यम से सर्जरी विभाग में दूरबीन से ऑपरेशन किये जा सकेंगे। विभाग के अधीक्षक डॉ. एच.एम. चौधरी ने बताया कि मशीनें मिलने से यहां अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों को भी प्रेक्टिकल ट्रेनिंग मिल सकेगी।

डूंगरपुर जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने कल कृषि अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कृषि पर्यवेक्षकों और कृषि अधिकारियों को ई गिरदावरी की गति में तेज़ी लाने के निर्देश दिये। जिला कलेक्टर ने सहायक कृषि अधिकारियों को क्षेत्र में अधिक समय बिताने और सरकारी योजनाओं की जानकारी किसानों तक पहुंचाने को कहा।